कार्यालय ग्राम पंचायत कहरई, विकासखंड कैसरगंज, जनपद बहराइच

पत्रांक/मेमो/निविदा–ग्रा०पं०/2026–27. दिनांक 30/04/2026

अल्पकालीन निविदा (आपूर्ति) सूचना

ग्राम पंचायत कहरई, विकासखंड कैसरगंज, जनपद बहराइच में वित्तीय वर्ष 2026–27 के अंतर्गत मनरेगा, पंचम राज्य वित्त, केंद्रीय वित्त आयोग, अंत्येष्टि स्थल, स्वच्छ भारत मिशन, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, वृक्षारोपण, कायाकल्प, पेयजल आपूर्ति, पशु आश्रय एवं ग्राम स्वच्छता आदि कार्यों हेतु प्रथम/द्वितीय श्रेणी ईंट, ईंट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ईंट, गिट्टी, बालू, मौरंग, पेंट, सरिया, कटीला तार, प्राइमर, मिट्टी, ह्यूम पाइप, लोहे की चादर, लोहे के पाइप, सौर ऊर्जा उपकरण, स्ट्रीट लाइट, कंप्यूटर व इलेक्ट्रॉनिक सामान, डस्टबिन सहित अन्य निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से बंद लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 02/05/2026 से 10/05/2026 तक अपनी दर–निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय (पंचायत भवन) स्थित निविदा बॉक्स में जमा कर सकते हैं। धरोहर राशि 500/– अनिवार्य होगी। निविदाएं दिनांक 11/05/2026 को प्रातः 11:00 बजे पंचायत भवन में समिति की उपस्थिति में खोली जाएंगी।

न्यूनतम दर देने वाले आपूर्तिकर्ता को प्राथमिकता दी जाएगी। निर्धारित समय पर आपूर्ति न करने पर आदेश निरस्त कर अन्य आपूर्तिकर्ता को कार्य दिया जा सकेगा। जीएसटी पंजीकरण होने पर आयकर संबंधित प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत क्षेत्र के निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। प्रस्तुत दरों में जीएसटी, ढुलाई, चढ़ाई–उतराई एवं अन्य सभी कर सम्मिलित होंगे। आपूर्ति केवल सचिव/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही मान्य होगी। दरें पीडब्ल्यूडी स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। भुगतान सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने व माप के उपरांत ही किया जाएगा। गुणवत्ता खराब पाए जाने पर भुगतान देय नहीं होगा।

सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी – किशन श्रीवास्तव

ग्राम प्रधान – श्रीमती गीता देवी

ग्राम पंचायत कहरई, विकासखंड कैसरगंज, जनपद बहराइच